राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

02 अगस्त 2025

GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:

GK SEARCH ENGINE

Praveen Kumar Sharma

GK Search Engine

Rajasthan Current Affairs

GET IT ON Google Play

Download App

by GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

Yesterday, Quiz:

Q. राजस्थान के जैसलमेर में किस स्थान पर 4500 साल पुरानी हड़प्पा सभ्यता के अवशेष मिले हैं.?

(A) रातडिया री डेरी, रामगढ़

(B) मोहनगढ़, जैसलमेर

(C) अमर सागर, लौद्रवा

(D) इनमें से कोई नही

- राजस्थान के जैसलमेर जिले में 4500 साल पुरानी हड़प्पा सभ्यता के अवशेष मिले हैं. यह खोज रामगढ़ तहसील के पास 'रातडिया री डेरी' नामक स्थान पर हुई है.
- यह स्थान जैसलमेर जिले में थार के रेगिस्तान के बीच स्थित है और गुजरात व उत्तर राजस्थान के बीच का पहला ऐसा स्थल माना जा रहा है, जहां हड़प्पा सभ्यता से जुड़े निशान मिले हैं.
- शोधकर्ताओं को यहां से लाल मिट्टी की पॉटरी, मिट्टी से निर्मित चूड़ियां, इडली नुमा टेराकोटा केक, चर्ट ब्लेड्स (पत्थर के धारदार औजार) और एक विशेष प्रकार की भट्टी मिली है. इन चीजों को देखकर अंदाजा लगाया गया है कि ये सभी वस्तुएं करीब 4500 साल पुरानी हैं.

01. राजस्थान में वाहनों की फिटनेस की जांच हेतु प्रदेश में ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशनों (एटीएस) की शुरुआत करने हेतु नई नीति की घोषणा किसने की है?

(a) मदन दिलावर

(b) दीया कुमारी

(c) भजनलाल शर्मा

(d) इनमें से कोई नही

Important Facts:

- राजस्थान में ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशनों (एटीएस) की शुरुआत को लेकर नई पहल की गई है। डिप्टी सीएम दीया कुमारी की पहल पर एटीएस खोलने के लिए नई नीति लाई गई है,
- पूरे राजस्थान से 150 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। जयपुर, जोधपुर और सीकर ऐसे प्रमुख शहर रहे हैं, जहां से सर्वाधिक रुचि दिखाई गई।
- जयपुर के लिए 28, जोधपुर के लिए 11 और सीकर के लिए 5 एटीएस खोलने की अनुमति है।
- राजस्थान प्रदेश में वर्तमान में केवल दो स्वचालित परीक्षण स्टेशन (ATS) हैं जो वाहनों की फिटनेस की जांच करते हैं

02. वर्ष 2047 तक राजस्थान की अर्थव्यवस्था कितने ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया?

(A) 2.5 ट्रिलियन डॉलर

(B) 4.3 ट्रिलियन डॉलर

(C) 3.5 ट्रिलियन डॉलर

(D) इनमें से कोई नही

GK SEARCH ENGINE

Important Facts:

- विकसित भारत 2047 की तर्ज पर विकसित राजस्थान का लक्ष्य- 2047 रखा गया।
- वर्तमान में राजस्थान देश की 7वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।
- वर्ष 2028 – 29 तक राजस्थान की अर्थव्यवस्था 350 बिलियन डॉलर बनाने किया लक्ष्य रखागया।
- 2047 तक राजस्थान की अर्थव्यवस्था 4.3 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया।
- राजस्थान की वर्तमान अर्थव्यवस्था 197 बिलियन डॉलर

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

03. हाल ही में राजस्थान पशुपालन विभाग को राजस्थान ऊंट अधिनियम-2015: नये नियम बनाने हेतु किसने निर्देश दिए?

(A) जोराराम कुमावत

(B) भजनलाल शर्मा

(C) दीया कुमारी

(D) इनमें से कोई नही

Important Facts:

- प्रदेश में राजस्थान पशुपालन विभाग अब राजस्थान ऊंट अधिनियम-2015 के नये नियम बनाएगा।
- इस संबंध में पशुपालन, गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत की अध्यक्षता में हुई बैठक में नियम बनाने को लेकर विभाग को निर्देश दिए गए।
- अधिनियम का उद्देश्य ऊंटों के वध पर रोक और उनके निर्यात/प्रव्रजन को विनियमित करना है।
- अब ऊंटों को अन्य राज्यों में ले जाने के लिए उपखण्ड अधिकारी भी अनुमति दे सकेंगे
- ऊंटनी के दूध के विपणन के लिए आरसीडीएफ के माध्यम से कार्ययोजना बनेगी।

04. राजस्थान राज्य ओपन निशानेबाजी चैम्पियनशिप में ट्रैप (Trap Shooting) में जयपुर की मैत्रेयी सिंह ने जूनियर कैटेगरी में कौनसा मेडल जीता है?

(a) सिल्वर मेडल

(b) गोल्ड मेडल

(c) ब्रोंज मेडल

(d) इनमें से कोई नही

Important Facts:

- जगतपुरा शूटिंग रेंज, जयपुर में आयोजित राजस्थान राज्य ओपन निशानेबाजी चैम्पियनशिप में ट्रैप (Trap Shooting) में
जयपुर की मैत्रेयी सिंह ने गोल्ड मेडल जीता
- जूनियर कैटेगरी : गोल्ड मेडल – मैत्रेयी सिंह (जयपुर)
- सीनियर कैटेगरी : सिल्वर मेडल – मैत्रेयी सिंह (जयपुर)
- पिछले वर्ष (2024) भी मैत्रेयी ने जूनियर वर्ग में गोल्ड मेडल जीता था।

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

05. प्रो कबड्डी लीग सीजन-12 में दूसरे चरण के मुकाबले 12 सितंबर 2025 से राजस्थान के किस जिले में आयोजित होंगे?

(a) जयपुर

(b) जोधपुर

(c) बीकानेर

(d) इनमें से कोई नही

GK SEARCH ENGINE

Important Facts:

- प्रो कबड्डी लीग सीजन-12 की शुरुआत 29 अगस्त 2025 से विशाखापट्टनम में होगी होगी पहला मुकाबला: तेलुगू टाइटंस vs तमिल थलाइवाज
- पीकेएल 2025 में 12 टीमें चार शहरों – वाइजैग, जयपुर, चेन्नई और दिल्ली में खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी
- ▪ विशाखापट्टनम▪ जयपुर▪ चेन्नई▪ दिल्ली
- जयपुर में मुकाबले का स्थान: सवाई मानसिंह स्टेडियम, इंडोर हॉल, जयपुर
- जिसमें दो बार के चैंपियन जयपुर पिंक पैंथर्स और बेंगलुरु बुल्स के बीच रोमांचक मुकाबला होगा, इसके बाद तमिल थलाइवास का सामना बंगाल वॉरियर्स से होगा।

06. आत्मा (ATMA) योजना के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में राजस्थान के कितने प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया जाएगा

(A) 22

(B) 35

(C) 11

(D) इनमें से कोई नही

GK SEARCH ENGINE

Important Facts:

- राजस्थान के किसानों के लिए अच्छी खबर है। कृषि उन्नति योजना के तहत आत्मा (ATMA) योजना के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में प्रगतिशील किसानों को सम्मानित करने की तैयारी शुरू हो गई है।
- कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन एजेंसी (ATMA) योजना
- इसके तहत कुल 35 किसानों को ₹3.50 लाख के नकद पुरस्कार दिए जाएंगे।
- इस योजना का उद्देश्य नवाचार को बढ़ावा देना और किसानों को नई तकनीकों के प्रति प्रेरित करना है।

07. हाल ही में भारतीय सेना द्वारा क्षमता संवर्धन प्रदर्शनी का आयोजन राजस्थान में कहां किया गया?

(A) जैसलमेर

(B) जोधपुर

(C) बीकानेर

(D) इनमें से कोई नही

GK SEARCH ENGINE

Important Facts:

- राजस्थान में भारतीय सेना सप्त शक्ति कमान के चेतक कोर ने 30 जुलाई 2025 को राजस्थान के रेगिस्तानी क्षेत्र में 'क्षमता संवर्धन प्रदर्शन' का आयोजन किया।
- आयोजन- पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज जैसलमेर!
- कार्यक्रम के दौरान, सप्त शक्ति कमान के फोर्मेशन्स ने निगरानी, सशस्त्र और कामिकेज़ वेरिएंट सहित ड्रोन युद्ध में विभिन्न आंतरिक क्षमताओं का प्रदर्शन किया।
- जून 2025 में भारतीय सेवा द्वारा जैसलमेर में फ्यूचर रेडी सैन्य अभ्यास आयोजित किया गया।

08. राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन के तहत राजस्थान ने वर्ष 2030 तक कितने गीगावॉट ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया है?

(A) 10 गीगावॉट

(B) 4 गीगावॉट

(C) 2 गीगावॉट

(D) इनमें से कोई नही

GK SEARCH ENGINE

Important Facts:

- राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन का लक्ष्य 2030 तक 5 मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन करना है, साथ ही 125 गीगावाट अक्षय ऊर्जा क्षमता का विकास करना है.
- राजस्थान का लक्ष्य वर्ष 2030 तक 2 गीगावॉट ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन करना है
- राजस्थान सरकार ने 2030 तक 2000 किलोटन प्रतिवर्ष (केटीपीए) ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन हेतु राजस्थान ग्रीन हाइड्रोजन नीति 2023 को 16 सितंबर, 2023 को भी मंजूरी दी थी।

09. हाल ही में किसे सीनियर पुरुष राष्ट्रीय टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया?

(A) बाइचुंग भूटिया

(B) खालिद जमील

(C) रजनीश बंसल

(D) इनमें से कोई नही

Important Facts:

- खालिद जमील को सीनियर पुरुष राष्ट्रीय टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया
- खालिद जमील 13 वर्षों में भारतीय राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच नियुक्त होने वाले पहले भारतीय बने।
- उन्हें स्टीफन कॉन्स्टेंटाइन और स्टीफन टारकोविक की जगह चुना गया।
- उनसे पहले अंतिम भारतीय मुख्य कोच सावियो मेडेइरा (2011-2012) थे।
- खालिद जमील 48 वर्ष के हैं।
- उन्होंने 2017 में आइज़ॉल FC को आई-लीग खिताब दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

10. अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) ने भारत के GDP ग्रोथ के अनुमान को बढ़ाकर कितने प्रतिशत किया है?

(A) 6.4%

(B) 5.4%

(C) 7.1%

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

Important Facts:

- अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) ने भारत के GDP ग्रोथ के अनुमान को बढ़ाकर 6.4% किया।
- भारत की अर्थव्यवस्था पहले की अपेक्षा अधिक तेजी से बढ़ने के लिए तैयार है, IMF ने अपने 2025 और 2026 के सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि के पूर्वानुमान को 6.4% तक बढ़ा दिया है – जो अप्रैल में अनुमानित 6.2% से अधिक है।
- नवीनतम वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक के अनुसार, यह सुधार "अधिक अनुकूल बाहरी माहौल" के कारण हुआ है।

Today, Quiz:

Q. हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड द्वारा राजस्थान में जिंक फुटबॉल गर्ल्स अकादमी की शुरुआत कहां की गई है?

(a) ज़ावर, उदयपुर

(b) केलवा, राजसमंद

(c) चौरासी गढ़, चितौड़गढ़

(d) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

राजस्थान करंट अफेयर्स 2025 Exam Booster Course

GK Search Engine Mobile App

🔹🔹🔹🔹🔹🔹🔹🔹🔹🔹🔹

🔹क्या मिलेगा? 👇👇👇👇

✅ जनवरी से दिसम्बर 2025 राजस्थान करंट अफेयर्स व्याख्या सहित (प्रतिमाह अपडेट होगा)

🎯 2024 का पूरा राजस्थान करंट अफेयर्स (व्याख्या सहित 1000+ Question)

🔳 अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण Ebook

👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇

https://www.gksearchengine.in/courses/616266

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

GK Search Engine

FOLLOW ON FACEBOOK

GK Search Engine

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine